<u>गुरु नानक कॉलेज, धनबाद</u>

<u>राजनीति विज्ञान विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में</u>

<u>राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर</u>

<u>लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल के जीवन एवं व्यक्तित्व पर एक परिसंवाद का आयोजन</u>

<u>31/10/2023</u>

आज 31/10/2023 को गुरु नानक कॉलेज,धनबाद के राजनीति विज्ञान विभाग एवं एन.एस.एस इकाई 1और2 के द्वारा कॉलेज के रुसा सेमिनार हॉल में सरदार बल्लभभाई पटेल जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत एकता शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. संजय प्रसाद ने लौहपुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल जी की छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। कार्यक्रम में उपस्थित 150 से अधिक विद्यार्थियों समेत सभी शिक्षक एवं कर्मियों ने राष्ट्रीय एकता एवं सुरक्षा की शपत ली । इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि देश की आज़ादी में अहम भूमिका का निर्वाह करने एवं देश की अप्रतिम एकता स्थापित करने में संवाहक के रूप में, सरदार पटेल आज भी समाज के लिए प्रासंगिक एवं जीवंत बने हुए हैं और आगे भी रहेंगे। उन्होंने सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन और कार्यों पर बात की। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें "भारत का लौह पुरुष" क्यों कहा जाता है, भारत की एकता, सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में उनके महत्वपूर्ण कदम क्या हैं।

महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा लौहपुरुष के जीवन एवं व्यक्तित्व पर परिसंवाद आयोजित किया गया जिसमे सम्बंधित विभाग के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। उक्त कार्यक्रम का मंच संचालन राजनीति विज्ञान विभाग की अध्यक्षा सह NSS इकाई 2 की कार्यक्रम पदाधिकारी,. डॉ मीना मालखंडी द्वारा किया गया है। साथ ही इस अवसर पर प्रो अमरजीत सिंह (कैंपस इंचार्ज, भूदा) ने महापुरुष बल्लभभाई पटेल के योगदान को अमर बताया ।

इस अवसर पर एन. एस एस इकाई -1 के कार्यक्रम पदाधिकारी,प्रो दीपक.कुमार ,प्रो.संजय कुमार सिन्हा , प्रो. दलजीत सिंह, प्रो सोनू प्रसाद यादव, प्रो. पीयूष अग्रवाल, प्रो. अभिषेक सिन्हा, प्रो. अनुराधा सिंह, श्री नरेंद्र सिंह, श्री पंकज समेत अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थे।